**बिहार सरकार**

**बिहार तकनीकी सेवा आयोग,**

**19, हार्डिंग रोड, पटना।**

**विज्ञापन सं०–01/2019**

**कनीय अभियंता की नियुक्ति के संबंध में अद्यतन स्थिति :–**

कनीय अभियंता के पद पर नियुक्ति हेतु परिणाम प्रकाशित करने के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के आवेदन, आयोग में, माननीय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं अन्य उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जा रहा है।

उक्त संदर्भ में वस्तु स्थिति यह है कि CWJC No. 9817/2020 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक–07.09.2021 को पारित आदेश में कार्य अनुभव की गणना की तिथि को परिवर्तित कर कोई अन्य योग्य तिथि निर्धारित करने का आदेश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कनीय अभियंता हेतु मेधा सूची तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ऐसे में उक्त आदेश का अनुपालन करने पर मेधा सूची प्रभावित होगी। अतः उक्त न्यायादेश के विरूद्ध आयोग द्वारा (LPA) पुनर्विलोकन याचिका दायर किया गया है। दिनांक–20.01.2022 को उक्त LPA वाद पटल पर आने हेतु Listed था। परन्तु अभी तक उक्त वाद पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई नहीं हो सकी है। आयोग के अधिवक्ता द्वारा सूचित किया गया है कि शीघ्र ही उक्त वाद पर सूनवाई किया जा सकता है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा LPA वाद में पारित आदेश के उपरान्त, तद्नुसार शीघ्र वाँछित अग्रेतर कार्रवाई किया जा सकेगा।

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आयोग के पक्ष में आदेश प्राप्त होने के पश्चात् मेधा सूची तैयार कर संबंधित विभागों को अनुशंसा भेजा जा सकेगा।

ह०/ 12.2.2022

सचिव

बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।

D:\2022\J.E related\Adyatan ki Isthiti